# राधा रानी दया करके बरसाना बसा लेना भजन लिरिक्स

राधा रानी दया करके,
बरसाना बसा लेना,
चरणों में श्यामाजू,
थोड़ी सी जगह देना,
राधा रानी दया करकें,
बरसाना बसा लेना।bd।

---

संसारिक दौलत की,
मुझे कुछ भी चाह नही,
शौहरत और जन्नत की,
कोई परवाह नही,
दो बूंदे रहमत की,
दो बूंदे रहमत की,
मुझ पर बरसा देना,
राधा रानी दया करकें,
बरसाना बसा लेना।bd।

---

भटके हुए भगतों का,
विश्वास तुम्ही तो हो,
'पागल' जैसे रसिकों की,
ईक आस तुम्ही तो हो,
चरणों से लगाकर के,
चरणों से लगाकर के,
जो चाहे सजा देना,
राधा रानी दया करकें,
बरसाना बसा लेना।bd।

---

तेरी याद ने श्यामाजू,
मुझे कितना रुलाया है,
जग ढूंढ लिया सारा,
कहीं चैन ना पाया है,
'मामा' को चौखट का,
'मामा' को चौखट का,
कुत्ता ही बना लेना,
राधा रानी दया करकें,
बरसाना बसा लेना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

राधा रानी दया करके,
बरसाना बसा लेना,
चरणों में श्यामाजू,
थोड़ी सी जगह देना,
राधा रानी दया करकें,
बरसाना बसा लेना।bd।

– गायक एवं प्रेषक –
रसिक पागल मामा।
**9991515880**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com